संख्याः 2382/33—3—2021

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग—1 लखनऊः: दिनांक 11 दिसम्बर, 2021

विषयः दिनांक 15.12.2021 को प्रस्तावित ग्राम पंचायत सम्मेलन आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 15.12.2021 को अपरान्ह् 02:00 बजे रमाबाई अम्बेडकर मैदान, लखनऊ में ग्राम पंचायत सम्मेलन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश में बनाये जा रहे 58189 ग्राम पंचायत सचिवालयों का शुभारम्भ किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक/डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं पंचायती राज विभाग के समस्त अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस कार्यक्रम में होने वाले व्यय का वहन स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण), राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग के प्रशासनिक मद से किया जाएगा। कार्यक्रम हेतु विस्तृत दिशा—निर्देश पृथक से निर्गत किये जा रहे हैं।

2— इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावित उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने हेतु समस्त ग्राम प्रधानों को आमंत्रित करने के साथ ही समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कष्ट करें।

भवदीय,

11.12.21

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनाँक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. जिलाधिकारी, लखनऊ एवं निदेशक, पंचायती राज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम में लगभग 1.25 लाख लोगों के प्रतिभाग किये जाने की सम्भावना है। अतः उनके रहने, खान—पीने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी।
4. समस्त मण्डलीय उप निदेशक (पंचायत), उत्तर प्रदेश।
5. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त अपर जिला पंचायत राज अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), उ0प्र0।
7. समस्त ग्राम पंचायत सचिव, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त प्रधानगण।
9. समस्त पंचायत सहायक/डाटा एन्ट्री आपरेटर, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार राम)
अनु सचिव।